देशवासियों को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक

www.currentcrime.com

# करंट क्राइम

सिर्फ सच.

गाजियाबाद व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



असत्य पर
सत्य
की विजय

● नई दिल्ली। गुरुवार 02 अक्टूबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 283 पेज-18 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ
# दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग
















महात्मा गांधी जी एवं लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें शत् शत् नमन

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच..






### जब क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने बृजपाल तेवतिया से कही यह बात

## हम कभी नहीं बदलेंगे, हम हमेशा हैं आपके साथ





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में समय के साथ-साथ बहुत कुछ बदलता है और बदलाव के इस दौर में कई बार वो लोग भी बदल जाते हैं जिनसे बदलने की उम्मीद नहीं होती है। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया भाजपा का एक ऐसा चेहरा है जो बिना लाग लपेट के अपनी बात कहते हैं। स्पष्ट वक्ता हैं और उनके साथ समय का एक दौर ऐसा चला है कि यकीन किया जा सकता है कि कुछ लोग बदल गए हैं। पुराने नेता हैं और उनके पुराने संबंध उन नेताओं से हैं जो अब पदों पर काबिज हैं। समय के साथ सबकुछ बदलता है, लेकिन आपसी प्यार नहीं बदलता। कई बार राजनीति में बहुत कुछ बदलाव होता है। आज के दौर में तो एक चलन ये भी है कि बड़े नेताओं से नमस्ते-अभिवादन को ही कार्यकर्ता उपलब्धि मान रहे हैं। मगर, पुराने संबंध क्या होते हैं ये देखने को मिला जब क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया और वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया एक-दूसरे से रूबरू हुए। दोनों के बीच आपसी आत्मीयता है, मधुर संबंध हैं। अब यहां पर बृजपाल तेवतिया अपने शब्दों में किसे इंगित कर रहे थे ये तो वो बेहतर जानते हैं मगर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया ने बेहद सरलता और विनम्रता से अपनी बात रखते हुए आत्मीय स्वभाव का परिचय दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया ने कहा कि आप भी उन पूर्व मंत्री और पूर्व सांसद की तरह बदल मत जाना। इस बात को सुनकर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया मुस्कराए और कहा कि बृजपाल जी आप हमारी तरफ से पूरी तरह बेफिक्र रहो और मैं यकीन के साथ कहता हूं कि हम कभी नहीं बदलेंगे। जैसे हैं वैसे ही रहेंगे।

## जनता का प्रतिनिधि बनकर करूंगा बुराई का अंत : अतुल गर्ग

### दो बड़ी रामलीलाओं में रहेंगे सांसद चीफ गेस्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज शहर की दो प्रमुख रामलीलाओं में रावण दहन का कार्यक्रम लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के तीर से होगा। सुल्लामल रामलीला कमेटी के विजयदशमी पर्व पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वहीं कविनगर रामलीला मैदान में भी सांसद अतुल गर्ग विजयदशमी पर्व के मुख्य अतिथि होंगे। बताया जाता है कि घंटाघर रामलीला मैदान में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को आना था, लेकिन अचानक उनके कार्यक्रम में तब्दीली हुई और वह तीन दिन के लिये दिल्ली से बाहर रहेंगे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने स्वयं द्वारा दशानन दहन को लेकर कहा कि अच्छाई की जीत होगी और यह तीर गाजियाबाद की जनता के द्वारा रावण में मारा जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं लोकसभा सांसद होने के नाते गाजियाबाद की जनता का प्रतिनिधि हूं और गाजियाबाद की जनता की तरफ से मैं दशानन दहन में अपनी भूमिका निभाऊंगा। उन्होंने वास्तव में दशानन का दहन गाजियाबाद की जनता द्वारा होगा और मैं सिर्फ जनता के प्रतिनिधि के रूप में जनता का दूत बनकर इस कार्यक्रम में मौजूद रहूंगा।

# 8 अक्टूबर को हिंडन एयरबेस पर होगा भव्य एयरफोर्स डे समारोह

### प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी की संभावना





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम ।** भारतीय वायुसेना का शौर्य और पराक्रम एक बार फिर आकाश में गूंजने वाला है। आगामी 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के मौके पर गाज़ियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर भव्य परेड और आसमान को चीरते जांबाजों का एयर शो आयोजित किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, इस ऐतिहासिक आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिरकत कर सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो यह वायुसेना के मनोबल को नई ऊर्जा देने वाला क्षण होगा।

हर साल 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना अपने स्थापना दिवस को परेड, फ्लाई-पास्ट और ताकतवर विमानों के हवाई करतबों के साथ मनाती है। इस दौरान सुखोई, राफेल, तेजस जैसे लड़ाकू विमान और हेलिकॉप्टर अपनी धाक जमाते हैं। इस बार भी हिंडन का आसमान अद्भुत नजारे का गवाह बनेगा।

### हो रही है सुरक्षा व्यवस्था की रिहर्सल

करंट क्राइम : सुरक्षा एजेंसियों ने उच्च स्तरीय तैयारियां शुरू कर दी हैं। वायुसेना के शीर्ष अधिकारी, रक्षा मंत्री समेत देश-विदेश की हस्तियां इस समारोह में मौजूद रहेंगी। वहीं प्रधानमंत्री की संभावित मौजूदगी ने कार्यक्रम की प्रतिष्ठा और भी बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिक भी इस मौके का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल एयरफोर्स डे पर हिंडन का आसमान रोमांचित कर देता है, लेकिन अगर प्रधानमंत्री खुद यहां आएंगे तो यह हमारे लिए गौरव का पल होगा।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लिए ये एहसास है सबसे ज्यादा खास

## जब संघ के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें मिला निमंत्रण वाला पास



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग शहर विधायक रहे हैं, वो प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद मंत्री रहे हैं, वो उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य चिकित्सा मंत्री रहे हैं, वो अब लोकसभा सांसद हैं, उनके पास कई अन्य जिम्मेदारियां हैं, लेकिन इन सबके बीच उन्हें जो बात सबसे प्यारी लगती है वो उनका भाजपा कार्यकर्ता होना है। उनका मानना है कि कोई भी व्यक्ति कितने ही बड़े पद पर आसीन हो, वो मूल रूप से कार्यकर्ता है और सदैव कार्यकर्ता भाव के साथ काम करना चाहिए।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लिये बुधवार का दिन कुछ खास था। दरअसल दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन था।

सबसे खास बात ये थी कि इस कार्यक्रम में केवल ढाई सौ लोगों को प्रवेश मिला था। यहां पर एक खास बात ये थी कि केवल 25 सांसदों को इस कार्यक्रम में भाग लेने की अनुमति थी और इन 25 सांसदों में गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी शामिल थे।

एक भाजपा कार्यकर्ता के रूप में उनके लिये ये पल खास था, ये एहसास खास था और दिल्ली के अंबेडकर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में एक तरह से संघ की पाठशाला थी और इस कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी थे। भाजपा के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी थे तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोग संघ द्वारा आमंत्रित थे। खास बात यही थी कि सबको इस कार्यक्रम का पास नहीं था और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लिये ये कार्यक्रम खास था क्योंकि उनके पास संघ द्वारा भेजा गया पास था।

### प्रधानमंत्री ने शानदार शब्दों में रखा संघ का विजन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा में सबसे बड़ा पद कार्यकर्ता का होता है। कार्यकर्ता को देवतुल्य कहा जाता है और संघ में प्रथम और अनिवार्य शर्त राष्ट्रवाद के संस्कार हैं। बुधवार को दिल्ली में जब कार्यक्रम था तो यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद सुंदर सधे हुए सटीक शब्दों में संघ के विजन को रखा। अगर, कोई व्यक्ति संघ के बारे में समझना चाहता है तो वो प्रधानमंत्री के इस भाषण से आसानी से समझ सकता है। यहां पर दशहरा पर्व से लेकर अन्य बातों को प्रधानमंत्री ने रखा और उन्होंने कहा कि जिस तरह से दीया खुद को जलाकर संस्कार को प्रकाश देता है उसी तरह से संघ का कार्यकर्ता भी समाज और राष्ट्र को प्रकाश देने का काम करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सौ रुपए का सिक्का जारी किया गया है और मुझे इस बात की खुशी है कि आजादी के बाद पहली बार कोई सिक्का ऐसा आया है जिस पर भारत मां की तस्वीर है। 35 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने बहुत ही सटीक और सधे हुए शब्दों में संघ का विजन रखा।

# मिजोरम के राज्यपाल विजय कुमार सिंह ने सैरंग रेलवे स्टेशन का दौरा किया

### यह विकास उत्तर-पूर्व के लिए नए अवसर लेकर आया है : जनरल वीके सिंह







**आइजोल, करंट क्राइम।** मिजोरम के राज्यपाल जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) ने बुधवार को सैरंग रेलवे स्टेशन का दौरा कर वहाँ की सुविधाओं का निरीक्षण किया और वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों से चर्चा की।

राज्यपाल ने मिजोरम की राजधानी आइजोल को पहली बार भारतीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह विकास उत्तर-पूर्व के लिए नए अवसर लेकर आया है। उन्होंने अधिकारियों को रेलवे अवसंरचना के रखरखाव व विस्तार पर निरंतर ध्यान देने और सुरक्षित, स्वच्छ तथा आधुनिक यात्री सेवाएँ सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

इस दौरान रेलवे के उप-मुख्य अभियंता हरजीमल मीणा ने स्टेशन की तकनीकी जानकारी राज्यपाल को दी, जबकि बदरपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक वीरेंद्र कुमार मीणा ने रेलवे परिचालन से जुड़ी पहल और योजनाओं की जानकारी साझा की।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 सितंबर को 8,071 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी : सैरंग नई रेलवे लाइन का उद्घाटन किया था। उसी अवसर पर सैरंग से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल), गुवाहाटी और कोलकाता के लिए नई रेल सेवाओं की भी शुरूआत की गई थी। इस परियोजना में 48 सुरंगें, 55 बड़े पुल, 87 छोटे पुल और चार रेलवे स्टेशन : होरटोकी, कावनपुई, मुआलखांग और सैरंग शामिल हैं।

# भाजपा पार्षद ने मनाया दूसरे पार्षद के वार्ड में जाकर अपना जन्मदिन

## बड़े जनप्रतिनिधि ने भी किया सैलिब्रेट मगर वार्ड वाले पार्षद को नहीं थी कोई खबर




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जन्मदिन का जश्न है तो उसकी टशन अलग ही होती है। आजकल तो वैसे भी टशन बैंक्वेट हॉल लेकर बर्थडे मनाने का है। सभी का अपना-अपना तरीका होता है, लेकिन एक वार्ड में पार्षद के जन्मदिन का तरीका गूंज रहा है। दरअसल कोई भी जनप्रतिनिधि बर्थडे के केक से लेकर होली का गुलाल तक अपनी कर्मभूमि पर करता है। मतलब ये है कि वो अपने निर्वाचन क्षेत्र में रहता है। लोकसभ सांसद अपनी लोकसभा में बर्थडे मनाएंगे। विधायक अपनी विधानसभा में मनाएंगे और पार्षद अपने वार्ड में मनाएंगे, लेकिन एक पार्षद का बर्थडे वाला केक इसलिये चचाओं में है क्योंकि ये केक पार्षद ने अपने वार्ड में ना काटकर दूसरे पार्षद के वार्ड में काटा। अभी तक तो वार्ड के पार्षदों की सर्जिकल स्ट्राइक के किस्से सुने थे और अधिकार क्षेत्र में घुसने की बात थी मगर यहां तो कमाल हो गया और अब जन्मदिन वाली स्ट्राइक हुई है। सितम ये हुआ कि जिस पार्षद के वार्ड में घुसकर दूसरे वार्ड के पार्षद ने जन्मदिन का केक काटा उस वार्ड के पार्षद को ही न्यौता तो छोड़ो सूचना तक नहीं थी।

सूत्र बताते हैं कि एक बड़े जनप्रतिनिधि भी इस बर्थडे सैलिब्रेशन में पहुंचे। उन्होंने भी बर्थडे का केक खाया और बर्थडे गीत भी गाया। बाकी तो सब ठीक है, लेकिन जिस पार्षद के वार्ड में ये केक कटा उस वार्ड के पार्षद को ये शिकायत है। वेन्यू और मेन्यू तक करने का अधिकार उनका है जिनका बर्थडे है, लेकिन पार्षद के समर्थक को शिकायत ये है कि मामला हमारे मोहल्ले में हो रहा है और हमें सूचना तक नहीं दी जा रही। ज्यादा तापमान इस बात पर बढ़ा है कि विधायक जी आ रहे थे तो वो हमारे वालों को भी बता सकते थे, लेकिन विधायक जी और बड़े जनप्रतिनिधि हमारे वार्ड में आकर दूसरे वार्ड के पार्षद का बर्थडे सैलिब्रेट करके चले गए ये तो कोई बात ना हुई।

जिन पार्षद का बर्थडे मना वो एक विधायक के खास बताए जाते हैं। लिहाजा ये माना जा रहा है कि उन वाले पार्षद के लिये तो विधायक जी चार वार्ड पार करके भी चले जाते। वहीं दूसरे पार्षद ये कह रहे हैं कि चाहते तो वो हमें भी बुला सकते थे और वैसे नैतिकता तो ये है कि अपना जन्मदिन अपने वार्ड में भी मना सकते थे। चर्चा ये भी है कि जिन पार्षद ने अपना बर्थडे दूसरे वार्ड में जाकर मनाया है उन पार्षद की पब्लिक टीआरपी फिलहाल जनता के रडार पर है। बताते हैं कि पार्षद जी को बर्थडे केक से ही मोहल्ले वाले जनविरोध की भनक लग गई थी। इसलिये वो अपना केक उठाकर दूसरे पार्षद के वार्ड में चले गए। बहरहाल दूसरे वार्ड के पार्षद के समर्थक इस बात को लेकर नाराज हैं कि चलो हमारे वार्ड में आकर जन्मदिन मनाया और उन्होंने विधायक जी और बड़े जनप्रतिनिधि को भी बुलाया, लेकिन ये तो गलत बात है कि हमारे वालों को जानकारी तक भी नहीं दी गई।

# पुलिस व्यवस्था में बड़ा बदलाव

## क्रॉसिंग रिपब्लिक और वेव सिटी थाने अब सिटी जोन में शामिल

### जनता को हुई सहूलियत, बढ़ेगा डीसीपी सिटी का कद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड के प्रस्ताव पर कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में अहम फेरबदल किया गया है। अब तक गाजियाबाद ग्रामीण जोन में आने वाले क्रॉसिंग रिपब्लिक और वेव सिटी थानाक्षेत्र को सिटी जोन में शामिल कर दिया गया है। यह बदलाव न केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि शहर की कानून-व्यवस्था को भी और सुदृढ़ बनाएगा।

दरअसल, इन दोनों थानों का भौगोलिक और जनसंख्या तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहा था। स्थानीय निवासियों की भी लंबे समय से यह मांग रही कि इन्हें नगर जोन में शामिल किया जाए ताकि शहर के अन्य थानों की तरह ही सुविधाएं और त्वरित पुलिसिंग उन्हें भी मिल सके।

### डीसीपी सिटी जोन की जिम्मेदारी और ताकत बढ़ी



करंट क्राइम : इस बदलाव के बाद डीसीपी सिटी जोन आईपीएस धवल जयसवाल की ताकत और जिम्मेदारी दोनों ही और बढ़ गई हैं। अब उन्हें दो बड़े और घनी आबादी वाले थानाक्षेत्रों की अतिरिक्त कमान मिली है। इससे अपराध पर नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में उनका रोल और भी अहम हो गया है। वहीं कहा जा रहा है कि अब सिटी जोन की पुलिस फोर्स भी बढ़ेगी, जिससे रात्रि गश्त, पिकेट ड्यूटी और त्वरित कार्रवाई की क्षमता और मजबूत होगी।

### स्थानीय लोगों ने जताई खुशी

करंट क्राइम : स्थानीय निवासियों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब उन्हें मामलों में तत्काल और प्रभावी पुलिस कार्रवाई का लाभ मिलेगा। साथ ही, शहरी सुविधाओं और पुलिसिंग का संतुलित फायदा भी क्षेत्र को मिलेगा।पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया कि थानों के पुनर्विन्यास का उद्देश्य जनता को बेहतर सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध कराना है। तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा के लिए यह कदम उठाया गया है।

# पूर्व मेयर हो गए गड्ढों को देखकर हैरान

## कहा- मेयर से बात कर कराऊंगा समस्या का समाधान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सड़कों पर गड्ढे हैं और गड्ढों से जनता परेशान हैं। कहीं-कहीं तो ये आलम है कि पता ही नहीं चल रहा कि गड्ढों के बीच में कहीं-कहीं सड़क है या फिर गड्ढे ही गड्ढे हैं। सड़कों पर गड्ढे हैं और एक साल पहले मुख्यमंत्री ने कहा था कि उन्हें गड्ढामुक्त सड़कें चाहिए। कुछ दिन पहले मेयर ने कहा था कि अगर सड़क पर कहीं गड्ढे दिखें तो मुझे बताएं।

नगर आयुक्त ने कहा था कि बारिश के बाद समाधान होगा और सुना है कि करोड़ों रुपए का बजट गड्ढों को भरने के लिये ही आ गया है। मगर, इसके बावजूद भी सड़कों पर गड्ढे हैं। ये गड्ढे दिखाई देते हैं, ये गड्ढे परेशानी का सबब हैं। दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर आयोजित नवरात्र महोत्सव में जब पूर्व मेयर अशु वर्मा पहुंचे तो वो यहां सड़कों की हालत देखकर हैरान रह गए। बारिश के बाद यहां कई दिन जलभराव रहा था और उसमें सड़क टूट गई।

अब इंतजार हो रहा है कि कब नगर निगम अभियान चलाए और कब सड़कों का कल्याण हो। बुधवार को पूर्व मेयर अशु वर्मा दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय आए और इस दौरान जब वो सड़क पर चार कदम पैदल चले तो वो सड़क पर गड्ढों की हालत देखकर हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि मैं मेयर से मिलकर बात करुंगा और इस समस्या का समाधान करुंगा। इसका समाधान होना चाहिए।

**मेयर से पहले शहर विधायक और पूर्व अध्यक्ष ने भी जताई थी सड़क की हालत पर चिंता :** बुधवार का दिन मां सिद्धिदात्री की भक्ति का दिन था। दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर पूजा-अर्चना, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया था। सबको इनविटेशन था और किसी भी इन्टेंशन किसी शिकायत की नहीं थी, लेकिन जब यहां जनप्रतिनिधियों के कदम पड़े और उनके कदमों के नीचे टूटी सड़क आई तो उन्होंने इस पर चिंता जताई। शहर विधायक संजीव शर्मा सबसे पहले आए और वो भी यहां की टूटी सड़क और गड्ढे देखकर हैरान रह गए। उन्होंने भी कहा कि काफी बुरा हाल है। इसके बाद पूर्व महानगर अध्यक्ष और पूर्व पार्षद विजय मोहन आए और उन्होंने भी सड़कों पर गड्ढों की हालत को नोटिस किया। इसके बाद पूर्व मेयर आए और वो तो स्थिति देखकर हैरान रह गए। यहां पर पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन ने तो नगर निगम के किसी अधिकारी को फोन भी मिला दिया और उन्हें सड़क की हालत से अवगत करा दिया। उन्होंने तो कहा कि जब तक सड़क सही नहीं हो रही है तब तक कम से कम सड़क पर पेचवर्क तो कराया जाए। लोगों को इस असुविधा से तो बचाया जाए। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान होना चाहिए।

## संपादकीय

# 20 शर्तों वाला ट्रंप का शांति प्रस्ताव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से गाजा में युद्धविराम के लिए जो बीस सूत्रीय प्रस्ताव पेश किया गया है, वह निश्चित रूप से शांति की राह पर लौटने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इजराइल और फिलिस्तीन समेत कई देशों ने इस पहल का स्वागत किया है, जिनमें आठ अरब देश तथा भारत, चीन, रूस और पाकिस्तान भी शामिल हैं। साफ है कि ज्यादातर देश गाजा में शांति के समर्थक हैं। मगर क्या हमास भी इस प्रस्ताव को स्वीकार करेगा? यह सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि हमास की ओर से अभी तक कोई उत्साहजनक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इस संगठन का कहना है कि वह प्रस्ताव की शर्तों का गहन अध्ययन करने के बाद ही अपना रुख स्पष्ट करेगा। दूसरी ओर इजराइल ने भी भले ही इस प्रस्ताव पर प्रथम दृष्टया सहमति जताई हो, लेकिन इसमें कई शर्तें ऐसी हैं, जिनके दूरगामी प्रभाव को देखते हुए इजराइल अपने मौजूदा रुख में बदलाव करने पर विचार कर सकता है। यानी शांति योजना सिरे चढ़ पाएगी या नहीं, अभी इस संबंध में कोई भी कयास लगाना जल्दबाजी होगी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से वाइट हाउस में मुलाकात के बाद शांति समझौते का यह प्रस्ताव सार्वजनिक किया है। इससे पहले नेतन्याहू ने अमीरात में हमास से जुड़े लोगों को निशाना बनाकर किए गए सैन्य हमले के लिए कतर के प्रधानमंत्री से माफी मांगी थी। इस प्रस्ताव की शर्तों में कहा गया है कि समझौता होने के बहत्तर घंटे के भीतर दोनों ओर से बंधकों और कैदियों को रिहा कर दिया जाएगा। गाजा का प्रशासन एक अस्थायी, तकनीकी और गैर-राजनीतिक फिलिस्तीनी समिति को सौंपा जाएगा, जिसकी निगरानी राष्ट्रपति ट्रंप की अध्यक्षता वाला बोर्ड आफ पीस करेगा।

यानी प्रकारांतर से इस प्रशासन की लगाम अमेरिका के हाथों में रहेगी। हमास और इजराइल की इसमें कोई भागीदारी नहीं होगी। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि इजराइल और हमास इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ेंगे और गाजा में फिर से शांति कायम होगी, क्योंकि इस युद्ध के दौरान अब तक छियासठ हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

## राशिफल

**मेष :** अपना मूड बदलने के लिए सामाजिक मेलजोल का सहारा लें। आपकी गैर यथार्थवादी योजनाएँ आपके धन को कम कर सकती हैं। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें।

**वृष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी मेहनत और लगन से लगातार आगे बढ़ते जायेंगे। किसी धार्मिक आयोजन में जाने का प्लान भी बना सकते हैं।

**मिथुन :** मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। विदेश गमन के लिए परिस्थिति अनुकूल होगी।

**कर्क :** काम के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों।

**सिंह :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपका मन उमंग से भरा रहेगा। हर कोई आपकी बात को ध्यान से सुनना पसंद करेगा। आप कुछ नया करने की कोशिश करते रहेंगे।

**कन्या :** कीर्ति यश में वृद्धि होगी। नेतृत्व का गुण और लोगों की जरूरतों को समझने की संवेदनशीलता है। खुद को अभिव्यक्त करने पर जोर देंगे, सफलता कदम चूमेगी।

**तुला :** अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक़्त हंसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृश्चिक :** दिन उत्तम रहेगा। आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। अकारण शुरू हुई बाधाओं का अंत आज अपने आप हो जायेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद हो सकता है। जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनाएं बनाएंगे। मकान खरीदने या बनाने के मामले में पार्टनर की राय को नजरअंदाज ना करें।

**मकर :** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी, लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ :** दिन फायदा देने वाला रहेगा। किसी विदेशी कंपनी से साझेदारी हो सकती है। इसका लाभ आपको आने वाले समय में मिलेगा। लोगों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** अनियमितता के कारण स्वास्थ्य प्रतिकूल हो सकता है। जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव दिन खुशनुमा बना सकता है। वित्तीय मामले में थोड़ा सतर्क रहने की जरुरत है।

# बाजार में हरियाली लौटी, सेंसेक्स ने लगाई 715 अंकों की छलांग, निफ्टी 24800 के पार




**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 715.69 अंक उछलकर 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 225.20 अंक की बढ़त के साथ 24,836.30 पर बंद हुआ।

पिछले दिनों की गिरावट के बाद बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। बुधवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 715.69 अंक या 0.89 प्रतिशत उछलकर 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 225.20 अंक या 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,836.30 पर आ गया।

# केंद्र ने 160 प्रति क्विंटल बढ़ाई गेहूं की एमएसपी हाईवे और रिसर्च प्रोग्राम को भी मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कई अहम फैसले लिए। इसकी जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गेहूं की एमएसपी 160 प्रति क्विंटल बढ़ाकर 2,585 प्रति क्विंटल कर दिया गया है। वहीं रबी सीजन 2026-27 में सरकार 297 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का अनुमान लगा रही है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'रबी सीजन की टरढ बढ़ाने से कुल 84263 करोड़ रुपए हमारे किसानों भाईयों के मेहनत के इसमें जाएंगे...रबी सीजन 2026-27 के दौरान अनुमानित खरीद 297 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है और प्रस्तावित एमएसपी पर किसानों को भुगतान की जाने वाली राशि 84,263 करोड़ रुपये है।' काजीरंगा से होकर नया हाईवे केंद्रीय कैबिनेट ने असम में कालीआबर-नुमालिगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-715 के 86 किमी हिस्से को चार लेन बनाने की मंजूरी दी है। इस परियोजना की लागत 6,957 करोड़ होगी। इसमें काजीरंगा नेशनल पार्क के बीच से गुजरते हुए 34 किमी लंबा ऊंचा पुलनुमा (एलिवेटेड वायाडक्ट) बनाया जाएगा।

# केंद्रीय कर्मियों का डीए बढ़ा, 1 करोड़ 18 लाख कर्मचारियों व पेंशनधारकों को मिला दिवाली का तोहफा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। दशहरा और दिवाली जैसे त्योहारों से पहले महंगाई भत्ते में यह बढ़ोतरी की गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने गेहूं का एमएसपी 160 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि कैबिनेट ने 49.2 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनभोगियों को लाभ पहुंचाने के लिए डीए/डीआर में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। इसके साथ यह दर मूल वेतन और पेंशन के 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गई। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई, 2025 से लागू होगी। जुलाई, अगस्त और सितंबर का बकाया दिवाली से ठीक पहले अक्तूबर के वेतन के साथ दिया जाएगा। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि डीए और डीआर में वृद्धि के कारण राजकोष पर कुल मिलाकर 10,083.96 करोड़ रुपये प्रति वर्ष की लागत आएगी। यह वृद्धि 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फामूर्ले के अनुसार है। सरकार से जुड़े सूत्रों के अनुसार महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी सातवें वेतन आयोग के तहत आने वाले सभी केंद्र




सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों पर भी लागू होगी। महंगाई भत्ते में इजाफे के बाद 30,000 मूल वेतन वाले कर्मचारी को हर महीने 900 अतिरिक्त मिलेंगे। वहीं 40,000 वेतन वाले कर्मचारी को 1,200 अतिरिक्त मिलेंगे। तीन महीनों में, बकाया राशि कुल 2,700 से 3,600 होगी। डीए में बढ़ोतरी त्योहारों के समय मौके पर केंद्रीय कर्मियों को राहत देगी।

## चुटकुले

मास्टर जी- 'संगठन में ही शक्ति है' का एक अच्छा सा उदाहरण दो।
छात्र- जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता,
अब मास्टर जी के समझ नहीं आ रहा डांटू या तारीफ करूं?

---

पत्नी चिल्लाकर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं,
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं बिजी हूँ, कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं.
पति खुश होकर- अरे डार्लिंग, तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार।

---

टीचर : बेटा, पेपर में क्या लिखा था?
पप्पू : सच बताऊँ सर?
टीचर : हाँ।
पप्पू : लिखने के लिए ढील्ल था, लेकिन Answer नहीं

# ट्रंप टैरिफ के बीच रुपये पर आरबीआई का बड़ा कदम, सीमापर लेनदेन में इस्तेमाल बढ़ाने के लिए हुए तीन उपाय

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (फ्ङ्क) ने बुधवार को सीमा पार लेनदेन में भारतीय रुपये के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नए उपायों का एलान किया। ये उपाय भारतीय रुपये को वैश्विक स्तर पर धीरे-धीरे स्वीकार्य बनाने की केंद्रीय बैंक की रणनीति का एक हिस्सा हैं। इस बारे में क्या हैं अपडेट, आइए जानते हैं विस्तार से। भारतीय रिजर्व बैंक (फ्ङ्क) ने बुधवार को सीमा पार लेनदेन में भारतीय रुपये के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नए उपायों का एलान किया। ये उपाय भारतीय रुपये को वैश्विक स्तर पर धीरे-धीरे स्वीकार्य बनाने की केंद्रीय बैंक की रणनीति का एक हिस्सा हैं। टैरिफ के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ देश की बढ़ी तल्खी के बीच केंद्रीय बैंक के इस



कदम को अहम माना जा रहा है। सरकार कई महीनों से रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए कदम उठा रही है। रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण मतलब है कि वैश्विक व्यापार, वित्त और निवेश के लिए भारतीय मुद्रा को व्यापक रूप से स्वीकार्य बनाना और उपयोग में लाने की प्रक्रिया। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के बाद संजय मल्होत्रा ने कहा, ऱ्हम इस संबंध में लगातार प्रगति कर रहे हैं। नई घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने रुपये के वैश्वीकरण के लिए तीन उपायों का प्रस्ताव रखा है। ये उपाय ऐसे समय पर आए हैं जब भारत रुपये को एक स्थिर मुद्रा के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है।

**पहला उपाय :** शीर्ष बैंक ने कहा कि अधिकृत डीलर (अऊ) बैंकों को अब भूटान, नेपाल और श्रीलंका के अनिवासियों को व्यापार संबंधी लेनदेन के लिए भारतीय रुपये में ऋण देने की अनुमति होगी। इससे पड़ोसी अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारतीय रुपये में व्यापार समझौते और मजबूत होने की उम्मीद है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में दक्षिण एशिया में भारत का 90% निर्यात इन चार देशों को होगा। इसकी कुल राशि करीब 25 अरब डॉलर हो सकती है।

**दूसरा उपाय :** दूसरे कदम के रूप में फ्ङ्कने भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों की मुद्राओं के लिए पारदर्शी संदर्भ दरें स्थापित करने की योजना बनाई है। इस कदम का उद्देश्य मूल्य निर्धारण को अधिक अनुमानित बनाना और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के चालान और निपटान में रुपये के उपयोग को मजबूत करना है।

**तीसरा उपाय :** आरबीआई का तीसरा प्रस्ताव विशेष रुपया वास्ट्रो खातों (रफ्श्ल्अ) में शेष राशि के उपयोग को व्यापक बनाने से जुड़ा है। ये शेष राशि, जो वर्तमान में स्थानीय मुद्रा में व्यापार निपटान की सुविधा प्रदान करती है, अब कॉर्पोरेट बॉन्ड और वाणिज्यिक पत्रों में निवेश के लिए पात्र बनाई जाएगी।

## 02 10 2025 करंट क्राइम




**सूचना :** आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ
# दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# लक्ष्मण मूर्छा जागरण से लेकर कुम्भकर्ण मेघनाथ और अहिरावण वध तक की अद्भुत झांकी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री सुल्लामल रामलीला में बुधवार को ऐतिहासिक प्रसंगों का मंचन बड़े ही भव्य और दिव्य रूप में प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंत्री नरेंद्र कश्यप ने रामलीला मंच पर आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और देर रात तक दर्शकों के साथ बैठकर लीलाओं का आनंद लिया। लीला का आरंभ उस प्रसंग से हुआ जब रावण को ज्ञात होता है कि लक्ष्मण की मूर्छा खुल चुकी है। वह तत्काल अपने भाई कुम्भकर्ण के महल पहुँचकर उसे छह माह की निद्रा से जगाता है और युद्ध के लिए भेजता है। कुम्भकर्ण रणभूमि में पहुँचकर अपनी गर्जना से वातावरण गुंजायमान कर देता है और अंगद, सुग्रीव, जामवंत सहित समस्त वानर सेना से भीषण युद्ध करता है।

अंततः भगवान श्रीराम स्वयं रणक्षेत्र में आते हैं और उनके हाथों कुम्भकर्ण का वध होता है। भाई की मृत्यु से क्रोधित रावण अपने पुत्र मेघनाथ को युद्ध के लिए भेजता है। भगवान श्रीराम स्वयं जाने का निश्चय करते हैं, परंतु लक्ष्मण आग्रहपूर्वक युद्धभूमि में उतरते हैं। मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच घनघोर संग्राम होता है, जिसमें अंततः लक्ष्मण विजयी होकर मेघनाथ का वध करते हैं। इसके उपरांत रावण छलपूर्वक अहिरावण को भेजता है। अहिरावण श्रीराम और लक्ष्मण को पाताल लोक ले जाता है।

वहीं हनुमानजी भी पीछे-पीछे पहुँच जाते हैं और पाताल में भीषण युद्ध कर अहिरावण का वध करते हैं। रामलीला मंचन में उपस्थित जनसमूह ने जयकारों और तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण को गूँजा दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष अजय बंसल, नरेश अग्रवाल, अशोक गोयल, संजीव मित्तल, अनिल चौधरी, प्रदीप मित्तल, रविंद्र मित्तल, ज्ञान प्रकाश गोयल, दिनेश शर्मा बब्बे, राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, आलोक गर्ग, सुंदर लाल, राघवेंद्र, पार्षद नीरज गोयल, मोहित मित्तल, देवेंद्र मित्तल, नंद किशोर शर्मा, अशोक शर्मा, विजय गोयल, राकेश स्वामी, राजेश बंसल, सुबोध गुप्ता, सुभाष गुप्ता, ललित तायल, विपिन मोहन गर्ग, अजय गुप्ता, विनेश गुप्ता, विपिन कंसल, उमेश गर्ग, प्रदीप गर्ग, विजय गोयल सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

# रामलीला मैदान में 'हनुमान-श्रीराम मिलन' से 'लंका दहन' तक, भक्तों ने लिया लीला का आनंद






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम:** रामलीला मैदान, गोल पार्क, राजेंद्र नगर, साहिबाबाद में आदर्श बृजवासी विप्र रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडल मथुरा द्वारा बीती शाम हनुमान-श्रीराम मिलन, बाली वध, लंका दहन, शरणागति और रामेश्वरम स्थापना की लीलाओं का अति सुंदर मंचन किया गया। दर्शकों ने लंका दहन पर विशेष उत्साह दिखाया और हजारों की संख्या में रात तक लीला का आनंद लेते रहे।

लीला के मंचन में कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। अभिषेक शर्मा ने श्रीरामजी, यश शर्मा ने लक्ष्मण जी, मनीषा ने जानकी जी और श्रीहरि जी ने हनुमान का मनोहारी स्वरूप धारण किया। रावण के किरदार में भीम सिंह ने अपनी छाप छोड़ी, जबकि मंदोदरी के रूप में नेहा ने अभिनय किया।

व्यास श्री महेश जी की मधुर चौपाइयों के साथ, मनोज पंडित के दिशा निर्देशन में आरती गहलोत, भारती और नेहा सहित सभी कलाकारों ने मंचन को जीवंत कर दिया। रामलीला स्थल पर छोटे-बड़े झूले और चटपटे स्टॉल भी लगाए गए थे, जहाँ लोगों ने मनोरंजन के साथ खाने-पीने का भी खूब आनंद लिया। रामलीला के मुख्य संयोजक एस पी सिंह ने बताया कि इस वर्ष की रामलीला बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत की जा रही है और लोगों को आकर्षित कर रही है। समिति ने इस वर्ष स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया है। एस पी सिंह ने जानकारी दी कि भक्तों के लिए 10 डस्टबिन रखे गए हैं और समिति के सदस्य रात में स्वयं पूरे मैदान की सफाई करते हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चुन्नी लाल बरेजा एवं उद्योगपति सत्येंद्र चौधरी उपस्थित रहे। उनके साथ अजय सिंह, सतीश सिंह, पशुपति जी कुशवाहा, राणा प्रताप सिंह और धर्मेंद्र दुबे सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। अध्यक्ष रमाकांत पांडे, महामंत्री राम जी झा और संरक्षक मंडल के सदस्य जैसे कुसुम सिंह, सोनू मिश्रा, चंदन झा आदि अपनी-अपनी जिम्मेदारी पर पूरे ग्राउंड पर सक्रिय रहे। पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। पुलिस और महिला पुलिस पूरे समय ग्राउंड पर उपलब्ध रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रही हैं।

# मेघनाथ वध, सुलोचना सती, कुम्भकर्ण वध, अहिरावण वध का हुआ मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति द्वारा अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। आज बुधवार की संध्या को रामायण के सबसे महत्वपूर्ण एवं रोमांचक प्रसंगों झ्र मेघनाथ वध, सुलोचना सती, कुम्भकर्ण वध, अहिरावण वध झ्र का मंचन किया जाएगा। इन प्रसंगों में भगवान श्रीराम और रावण के बीच अंतिम युद्ध, रावण के पराक्रमी पुत्र मेघनाथ और भाई कुम्भकर्ण का वध, अहिरावण की मायावी लीला तथा अंततः रावण के संहार का दृश्य देखने को मिलेगा। संपूर्ण मंचन अद्भुत प्रकाश, ध्वनि और भव्य वेशभूषा के साथ होगा, जो दर्शकों को त्रेतायुग की दिव्य अनुभूति कराएगा। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे समय पर पहुँचकर इन ऐतिहासिक व धार्मिक प्रसंगों का सजीव मंचन देखें और धर्म की विजय के इस महोत्सव के साक्षी बनें।



कल गुरुवार को विजयादशमी के अवसर पर रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का भव्य दहन किया जाएगा। दहन का आयोजन परंपरागत विधि-विधान के साथ होगा और पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूँज उठेगा।

# जय बद्री केदार रामलीला समिति द्वारा सुंदर रामलीला मंचन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जय बद्री केदार रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में मेघनाद, कुंभकर्ण और अहिरावण का वध दिखाया गया। रामलीला का शुभारंभ रावण दरबार से हुआ, जहां रावण अपने सैनिकों को कुंभकर्ण को जगाने के लिए भेजता है।

कुंभकर्ण रणभूमि में जाता है और श्री राम के हाथों मारा जाता है। कुंभकर्ण की मृत्यु का समाचार सुनकर लंकापति विचलित हो जाता है और मेघनाद को युद्ध में भेजता है। मेघनाद युद्ध भूमि में लक्ष्मण से मिलता है और दोनों में घमासान युद्ध होता है, जिसमें मेघनाद मारा जाता है। मेघनाद की मृत्यु का समाचार सुनकर सुलोचना श्री राम के शिविर में जाती है और अपने पति का शीश मांगती है।

रावण पाताल लोक के राजा अहिरावण को युद्ध में सहायता हेतु बुलाता है। अहिरावण छल से विभीषण का रूप धारण कर राम और लक्ष्मण को पाताल लोक ले जाता है और बंदी बना लेता है। हनुमान पाताल लोक जाकर अहिरावण को मारकर मकरध्वज को पाताल का राजा बनाते हैं और राम लक्ष्मण को ले आते हैं। जय बद्री केदार रामलीला समिति की टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समिति के सदस्यों ने अपने अभिनय और मंचन कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# एटीएम बदलकर पैसे निकालने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

भारी मात्रा में एटीएम व बाइक बरामद



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी बार्डर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एटीएम से पैसे निकालने वाले व्यक्तियों को मदद का झांसा देकर एटीएम बदलकर पैसे निकालने वाले गिरोह के एक सदस्य को अलग- अलग बैंको के चार दर्जन एटीएम सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि बार्डर पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि एक संदिग्ध व्यक्ति जौहरी पुर मैट्रो स्टेशन के नीचे एटीएम पर खड़ा है और पैसे निकालने वालों का इंतजार कर रहा है पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और उसे धर दबोचा। यह सरगना भोले भाले व्यक्तियों को पैसे निकलवाने की मदद का झांसा देकर उनका एटीएम बदल लेता है और किसी अन्य एटीएम पर जाकर उनकी बैंक खाली कर देता हैं।

उसकी तलाशी में भिन्न-भिन्न बैंको के 45 एटीएम व घटना प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद हुई है पूछतांछ में उसने अपना नाम शाहरुख उर्फ बादशाह पुत्र निजामुद्दीन बुध बजार नसबंदी कॉलोनी बताया तथा इसके साथी को पुलिस गिरफ्तार करने के लिए प्रयासरत है। शाहरुख को पुलिस ने कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

## कबाड़ का काम करने वाले वृद्ध की ईट से सिर कुचलकर हत्या

**लोनी (करंट क्राइम)।** थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र के गुलशन सिटी इलायची पुर में मंगलवार देर रात लगभग 55 वर्षीय कबाड़े का काम करने वाले की उसके गोदाम में ही सिर मे ईट मारकर हत्या कर दी किसी पड़ोसी ने सुबह देखा तो पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र की इलाइचीपुर के निकट गुलशन विहार कॉलोनी में अब्दुल रहमान उम्र 55 वर्ष अपनी पत्नी के साथ कासिम बिहार में रहता था एवं इलायची पुर के पास गुलशन सिटी में कबाड़ का गोदाम था रात 8 :00 बजे खाना खाने के बाद अब्दुल रहमान सोने के लिए गोदाम पर चला गया सुबह पड़ोसियों ने देखा तो उनके होश उड़ गए अब्दुल रहमान खून से लथपथ जमीन पर पड़े थे बताया जा रहा है कि बदमाशों ने बड़ी बेरहमी से किसी भारी वस्तु से प्रहार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए अब्दुल रहमान के पड़ोसी सुबह उनकी गोदाम पर पहुंचा हादसा देखकर पुलिस को सूचना दी सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मृतक का शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है मृतक की जेब से 3100 रुपए मिले हैं पुलिस सीसीटीवी की मदद से हत्यारोपी की तलाश कर रही है मृतक के परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। तथा हत्यारों की तलाश में जुट गई है।

# मेडिकल स्टोर पर चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार नगदी बरामद



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी बार्डर थाना क्षेत्र से मेडिकल स्टोर को निशाना बनाकर चोरी करने वाले तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भजा है। चोरों से चुराई गई नगदी व दीवार तोड़ने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि 18 सितंबर को एक मेडिकल स्टोर संचालक ने चोरी का शिकायत कर पत्र दिया था।

पुलिस ने शिकायत पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी पुलिस चोरों की तलाश में थी कि मुखबिर की सूचना दी कि तीनों कर बॉर्डर थाने के सामने खड़े हैं पुलिस ने तत्काल प्रभाव से उन्हें धर दबोचा तथा पूछताछ की चोरों ने मेडिकल स्टोर से चोरी करने की घटना को स्वीकार किया और बताया कि हम लोगों ने मेडिकल स्टोर की दीवार तोड़कर चोरी की थी चोरों ने अपने नाम दीपक राहुल नरेश निवासीगण तिलकराम कॉलोनी थाना बार्डर बताया इनसे चुराई गई नगदी के 44500 रुपए बरामद हुए पुलिस ने तीनों चोरों को जेल भेज दिया है।

# वार्ड 36 वसुंधरा की टूटी सड़क पर कब होगी कार्यवाही: अरविंद चौधरी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के सेक्टर-12 से सेक्टर-14 तक की प्रमुख सड़क की हालत बेहद खराब है। सड़क टूटी होने और गड्ढों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अफसर और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पूर्व पार्षद अरविंद चोधरी ने कहा कि इस लापरवाही के कारण पहले ही एक मासूम की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भी प्रशासन की नींद नहीं टूटी है। जनता रोजाना टूटी सड़क और हादसों के खतरे के बीच सफर करने को मजबूर है।

नगर निगम और जलनिगम से निवेदन मेरा निवेदन है कि इस सड़क की तुरंत मरम्मत करवाई जाए और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गाजियाबाद की जनता अब और अनदेखी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सड़क की तुरंत मरम्मत करवाई जाए, गड्ढों को भरा जाए, वही जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाके। अब समय आ गया है कि प्रशासन और जिम्मेदार अफसर इस समस्या का समाधान करें और जनता को राहत प्रदान करें।

# एसीपी वेव सिटी ने बालिकाओं के संग दिया मिशन शक्ति का संदेश

## महिला सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ।पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में नगर जोन कमिश्नरेट गाज़ियाबाद में सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी प्रियाश्री पाल के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम और एण्टी रोमियो स्क्वॉड थाना वेव सिटी ने लाल कुआँ चौकी क्षेत्र का भ्रमण किया गया। टीम ने मंदिर परिसर और दुर्गा पंडालों में मौजूद महिलाओं और छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें सुरक्षा से संबंधित अहम जानकारियाँ दीं। इस दौरान हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181 और 1930 के प्रयोग की जानकारी विस्तार से दी गई, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा, अपराध या असुरक्षा की स्थिति में तुरंत मदद मिल सके। इसके साथ ही छात्राओं और महिलाओं को जागरूक करने के लिए पैम्फलेट भी वितरित किए गए। एसीपी प्रियाश्री पाल ने कहा कि पुलिस सदैव महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

# डग्गामार बसों और वाहनों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1066 वाहनों का हुआ चालान

## डीसीपी ट्रांस हिंडन के नेतृत्व में चला अभियान



### कार्रवाई का डेटा

- कुल 1045 वाहनों पर चालान काटे गए।
- 21 डग्गामार बसों के खिलाफ कार्रवाई की गई।
- कुल मिलाकर 1066 वाहनों पर कार्रवाई की गई।
- कई अन्य वाहनों को चेतावनी देकर यातायात नियम पालन हेतु जागरूक किया गया।

### कार्रवाई का उद्देश्य

- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम।
- यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना।
- लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत ट्रांस हिंडन जोन पुलिस ने मंगलवार को यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान लोनी-नॉर्थ चौराहा एवं जोन के अन्य प्रमुख स्थानों पर संचालित किया गया। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्तों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में चेकिंग की। इस मौके पर खुद डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल भी मौजूद रहे।

### पुलिस की अपील

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इस तरह की कार्रवाई केवल दुर्घटनाओं को रोकने में ही मददगार नहीं होगी, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था को भी सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में सहायक होती है। जनता से अपेक्षा की गई है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और पुलिस प्रशासन का सहयोग कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में योगदान दें।

# प्रदेश के 15 लाख कर्मचारियों और शिक्षकों को जल्द मिलेगा बोनस और महंगाई भत्ता



**लखनऊ।** केंद्र सरकार की घोषणा के बाद प्रदेश सरकार भी राज्य कर्मचारियों को बोनस और महंगाई भत्ते की बढ़ी हुई दर का दिवाली तोहफा दे सकती है। इसका फायदा करीब 15 लाख अराजपत्रित कर्मचारियों को बोनस मिलेगा। बोनस की अधिकतमधन राशि 7000 रुपये हो सकती है। सातवें वेतनमान वाले कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55% से बढ़कर 58% हो जाएगा। लगभग 12 लाख पेंशनर्स को महंगाई राहत की दर में वृद्धि का लाभ मिलेगा।

केंद्रीय कर्मचारियों को पहले बोनस और अब तीन प्रतिशत बढ़ी हुई दर से महंगाई भत्ता (डीए) देने के ऐलान के बाद दीवाली से पहले बोनस के साथ ही बढ़े हुए महंगाई भत्ता (डीए) की घोषणा हो सकती है। इसी के साथ पेंशनरों की महंगाई राहत दर भी बढ़ेगी।


### दीपावली से पहले होगी घोषणा

राज्य में बोनस पाने वाले अराजपत्रित कर्मचारियों, वर्कचार्ज व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की संख्या लगभग 14.81 लाख है। इन सभी को दीपावली से पहले सरकार बोनस का तोहफा देगी। बोनस से सरकार के खजाने पर लगभग 1000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आएगा।

### 58 प्रतिशत होगा डीए

वहीं सातवें वेतनमान से आच्छादित लगभग 16 लाख राज्यकर्मी, शिक्षक और शिक्षणेत्तर कार्मिकों के महंगाई भत्ते की दर जो अभी 55 प्रतिशत है तीन प्रतिशत वृद्धि के साथ 58 प्रतिशत की जानी है। इन्हें महंगाई भत्ते में वृद्धि का लाभ सरकार जल्द देगी। पांचवें और छठवें वेतनमान वाले राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि की घोषणा बाद में होगी।

## आश्रम में मिलीं गंदी फिल्में, खिलौने व अश्लील साहित्य, दुबई के शेख को सप्लाई कीं लड़कियां!



**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंतकुंज इलाके में 17 छात्राओं के यौन शोषण मामले में अब तक सबसे बड़ा खुलसा सामने आया है। आरोपी स्वयंभू स्वामी चैतन्यानंद उर्फ पार्थ सारथी ने कुछ पीड़ितों से दुबई के शेख के लिए लड़की का इंतजाम करने के बारे में पूछा था। आरोपी ने छात्रा से उसकी जूनियर व अन्य दोस्त के बारे में बताने को कहा था। ये सनसनीखेज खुलासा आरोपी की पीड़ित छात्राओं के साथ हुई चैट के बाहर आने पर हुआ है। आरोपी की पीड़ित छात्राओं के साथ की गई काफी मात्रा में चैट उसके मोबाइल से मिली हैं। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी के एक मोबाइल को रिट्रीव कराया गया था। उस मोबाइल से छात्राओं के साथ अश्लील चैट की 1000 से ज्यादा चैट मिली हैं।

# शिप्रा सनसिटी फेस टू में युवक के साथ गार्डों ने की मारपीट



पुलिस ने दो गार्डों को भेजा जेल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी फेस टू में एक युवक के साथ सिक्योरिटी गार्ड द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। युवक पूजा का सम्मान लेकर आ रहा था जब गाड्र्स ने उसे गेट नंबर 6 पर रोका और लाठी-डंडों से पीटा। युवक को गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज चल रहा है।

25 वर्षीय चंदन मिश्रा को 6 महीने पहले एक एक्सीडेंट में गंभीर चोटें आई थीं और उसके चार ऑपरेशन हो चुके हैं। इस मारपीट की घटना ने सोसाइटी में भारी रोष पैदा कर दिया है।

पुलिस ने इस मामले में दो गार्ड को जेल भेज दिया है और कुछ अन्य की तलाश जारी है। पूर्व एओए अध्यक्ष सीपी बालियान ने बताया कि पुलिस चौकी पर इसकी शिकायत की गई थी।

लोगों का कहना है कि इस तरह की घटना पहले भी हो चुकी है और लोगों के दबाव के कारण सिक्योरिटी एजेंसी को हटा दिया गया था। अब देखना यह है कि आगे इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है।

# राजनगर रामलीला समिति ने किया अभिनंदन सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनगर रामलीला महोत्सव में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता का समिति द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राजनगर रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता ने रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# सिख मिशन प्रतिनिधिमंडल ने राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप से की शिष्टाचार भेंट

## सिख गुरुओं के जीवन से मानवता की सेवा की भावना जागृत होती है : नरेंद्र कश्यप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सिख मिशन हापुड़ (शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, श्री अमृतसर साहिब के अधीन) के प्रभारी सरदार बृजपाल सिंह तथा गाज़ियाबाद सिख समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी. सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप से उनके गाज़ियाबाद आवास पर भेंट की।



प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को एक अनुरोध पत्र सौंपा, जिसमें गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी शताब्दी वर्ष के अवसर पर गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ और गाज़ियाबाद में उनकी स्मृति में यादगारी स्मृति द्वार अपनी निधि से बनवाने का आग्रह किया गया। इस पर नरेंद्र कश्यप ने शीघ्र ही स्मृति द्वार निर्माण का आश्वासन दिया।

नरेंद्र कश्यप ने कहा, गुरु तेग बहादुर साहिब जी ने अपने बलिदान से भारत में हिंदू धर्म की रक्षा की। उनके जीवन से हमें सदैव मानवता और सेवा के पथ पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर सरदार बृजपाल सिंह ने नरेंद्र कश्यप को 5 नवंबर 2025 को गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, तहसील चौपला (हापुड़) में आयोजित होने वाले महान गुरमति समागम के लिए आमंत्रित किया। यह समागम गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व तथा गुरु तेग बहादुर साहिब जी, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दियाला जी की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित होगा।

सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारें गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत को बड़े श्रद्धा भाव के साथ मना रही हैं, जिससे एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश समाज में पहुंच रहा है।

भेंट के दौरान गाज़ियाबाद के प्रमुख समाजसेवी सरदार रविंदर सिंह जोली, सरदार गगन सिंह अरोड़ा, सरदार धर्मेंद्र सिंह सोहल, जसविंदर सिंह एवं अनिल सिंह (यूपी सिख मिशन हापुड़) भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सिख मिशन की ओर से नरेंद्र कश्यप को सचखंड हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर, श्री अमृतसर साहिब) की फोटो, शॉल और प्रसाद भेंट किया गया।

# कैबिनेट मंत्री ने श्रीरामलीला एवं दुर्गा पूजा महोत्सव में लिया भाग

## उत्सव हमारी संस्कृति की जीवंत धरोहर : सुनील शर्मा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा ने साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में चल रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मंत्री जी ने मां नंदा देवी पार्क डी-ब्लॉक बृज बिहार, रामलीला मैदान सी-ब्लॉक बृज बिहार तथा मिगसन किफायन सोसाइटी वसुंधरा क्षेत्र में आयोजित श्रीरामलीला एवं दुर्गा पूजा महोत्सव में सम्मिलित होकर आयोजकों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दीं।



मंत्री जी ने कहा कि रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि हमारे जीवन का मार्गदर्शक है। श्रीराम का आदर्श चरित्र हमें विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म, सत्य और कर्तव्य का मार्ग नहीं छोड़ने की प्रेरणा देता है। इसी प्रकार माँ दुर्गा की पूजा हमें शक्ति और साहस का उपयोग सत्य और धर्म की रक्षा के लिए करने का संदेश देती है।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को संजोने और उन्हें नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए सतत प्रयासरत है। ऐसे उत्सव हमारी संस्कृति और सभ्यता की जीवंत धरोहर हैं और एकजुटता और सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विनीत त्यागी, नरेश भाटी, शशि खेमका, विनय चौधरी, अजय त्यागी, सुधीर त्यागी, बॉबी त्यागी, विक्रम चौधरी, विनोद पंत, जे.के. सहाय, उमेश चंद सक्सेना, सुभाष राणा, नारायण सिंह, प्रेम सिंह रावत, अजय शुक्ला, अपर्णा मिश्रा, संजीव शर्मा, उपेंद्र पांडेय और कैलाश यादव उपस्थित रहे।



# सीकरी खुर्द महामाया मंदिर पर चल रहा कार्मिक अनशन स्थगित

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** सीकरी खुर्द स्थित महामाया मंदिर पर चल रहा कार्मिक अनशन तीसरे दिन एसडीएम अजीत कुमार के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया। एसडीएम ने 8 अक्टूबर (बुधवार) को नगरपालिका, तहसील प्रशासन और ग्रामवासियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।



अनशनकारी डॉ. बबली गुर्जर ने बताया कि ग्रामवासी रोजाना की तरह सुबह धरना स्थल पर एकत्र हुए थे। इसी दौरान नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा अपनी टीम के साथ पहुंचे और एसडीएम अजीत कुमार से फोन पर वार्ता कराई। वार्ता में निर्णय हुआ कि 8 अक्टूबर को माता रानी मंदिर से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा होगी।

सहमति के बाद धरना स्थल पर उपस्थित सभी अनशनकारियों को नायब तहसीलदार ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। ग्राम प्रधान राहुल ने कहा कि हम 8 अक्टूबर की वार्ता में अपने सभी मुद्दे मजबूती से रखेंगे। यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। धरने की अध्यक्षता बलबीर भड़ना ने की तथा संचालन राहुल प्रधान ने किया।

अनशन पर बैठे प्रमुख लोग: बीर सिंह, महेंद्र सिंह, राजकुमार चंदेला, जगदीश, बलेश्वर। धरने में मुख्य रूप से उपस्थित: राहुल कलछिना, राज वर्मा, मोनू प्रधान, गुड्डू चंदेला, विकल प्रधान, परशुराम, पायल, हरवीर सिंह, सतपाल बैसला, देव शर्मा, नरेंद्र, विपिन चंदेला, गौरव गुर्जर।

# श्री सांस्कृतिक कला संगम समिति द्वारा धूमधाम से मनाई जा रही 32वीं रामलीला

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सांस्कृतिक कला संगम समिति (रजिड्ड), सी ब्लॉक, रामलीला मैदान, ब्रिज विहार, गाजियाबाद द्वारा आयोजित 32वें रामलीला मंचन में नौवें दिन विभीषण रावण संवाद, विभीषण शरणागत, अंगद को दूत बनाकर लंका भेजना एवं अंगद रावण संवाद तक की लीला दिखाई गई। इस अवसर पर दर्शकों ने भगवान राम की महिमा और उनके आदर्शों को देखा और आत्मसात किया।



अध्यक्ष भूपेश शर्मा ने बताया कि रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का मार्गदर्शक भी है। यह हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म, सत्य और कर्तव्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। भगवान राम का आदर्श चरित्र हमें धैर्य, त्याग और सेवा भाव की प्रेरणा देता है। श्री सांस्कृतिक कला संगम समिति के सदस्यों ने इस रामलीला मंचन के लिए कड़ी मेहनत की है और दर्शकों को एक अद्भुत अनुभव प्रदान कर रहे हैं। समिति के प्रयासों से यह रामलीला क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है।

# उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति द्वारा सुन्दर रामलीला मंचन


**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति (पंजीकृत) द्वारा डी ब्लॉक माँ देवी पार्क ब्रिज विहार गाजियान में 8वें दिन की रामलीला मंचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रथम दृश्य मेघनाद द्वारा हनुमान जी को बांध कर रावण दरबार में लाना, उसके बाद हनुमानजी और रावण का संवाद, सेतु बंधन का दृश्य और अंगद रावण संवाद का मनोहारी दृश्य दिखाया गया।



रावण के सुन्दर अभिनय में योगेश पांडे, हनुमान के सुन्दर अभिनय में अमित कश्यप राम कमल कान्त लक्ष्मण ललित रजवार और अंगद के सुन्दर अभिनय में नारायण भोज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति की टीम ने अथक प्रयासों द्वारा प्रतिदिन नए आकर्षित दृश्यों को प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसको देखकर दर्शकगण बहुत ही मोहित हो रहे हैं। संस्था के संरक्षक रणजीत सिंह रावत, अध्यक्ष तारादत्त नैलवाल, महासचिव नवीन जोशी, कोषाध्यक्ष उमेद सिंह ठाकुर और अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संगीत निर्देशक पूरन चंद्र तिवारी और मंचन व्यवस्थापक ललित रजवार, ललित जोशी, शेखर जोशी और विनीत अरोड़ा ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम



Neeraj Singh
42m

लखनऊ से सहारनपुर तक नई वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का फैसला अत्यंत सराहनीय है। इसके लिए भारत के रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद माननीय श्री राजनाथ सिंह जी ने, माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से चर्चा की थी, जिस पर उन्होंने तुरंत कार्य करते हुए इस ट्रेन के परिचालन को मंजूरी दी। इससे न सिर्फ यात्रियों के लिए सुगमता बढ़ेगी बल्कि व्यापार, पर्यटन व रोजगार को भी नई गति मिलेगी। लखनऊ निवासियों की ओर से, मैं इसके लिए केंद्र सरकार को बहुत धन्यवाद देता हूँ।

पिछले कुछ सालों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी का विकास हुआ है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के लोग सदैव आभारी रहेंगे!

भारत सरकार
Minister of Railways, Information & Broadcasting and Electronics & Information Technology
Government of India
22 SEP 2025

No. 2025/CHG/13/NR/40

माननीय श्री राजनाथ सिंह जी,

कृपया आपसे हुई चर्चा का संदर्भ ग्रहण करें, जो जनसुविधा हेतु लखनऊ से सहारनपुर के मध्य नई वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन किये जाने के संबंध में है।

आपको जानकर प्रसन्नता होगी कि लखनऊ से सहारनपुर के मध्य नई रेलगाड़ी के परिचालन को स्वीकृत कर दिया गया है।

सादर,

अश्विनी वैष्णव

श्री राजनाथ सिंह
माननीय रक्षा मंत्री
भारत सरकार
साउथ ब्लॉक
नई दिल्ली - 110011

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लखनऊ से सहारनपुर के लिए वंदे भारत ट्रेन सेवा शुरू हो गई है। जनता को यह सुविधा उपलब्ध कराने में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का विशेष योगदान रहा है। यह सेवा शुरू होने के बाद भाजपा नेता यूथ आइकॉन नीरज सिंह ने इस पत्र को फेसबुक पोस्ट के जरिए साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# गृह क्लेश के बाद 26 वर्षीय विवाहिता ने लगाई फांसी

## मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**अंकुर विहार, करंट क्राइम।** अंकुर विहार थाना क्षेत्र के सालेहनगर गांव में बुधवार को गृह क्लेश के चलते एक 26 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाया है और अंकुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मृतका की पहचान वर्षा (26 वर्ष) पत्नी सोनू पुत्र चन्दर के रूप में हुई है, जो सालेहनगर गांव में रहती थी। बताया जा रहा है कि वर्षा और उसके पति सोनू के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद के बाद करीब डेढ़ बजे वर्षा ने कमरे में लगे कुंदे में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली।

पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुँची और शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपों के आधार पर मृतिका के पति सोनू को हिरासत में ले लिया है। एसीपी ने बताया कि आगे की कार्रवाई मायके वालों की रिपोर्ट दर्ज होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं पहुंचाना चाह रहा हूं किसी तक अपनी गुंजन? वो इस बात को सुनकर हो जायें थोड़ा सावधान? हमें पता चला है द यूनियन वालों की एक दूसरी लॉबी कुछ और ही बना रही है उनको लेकर प्लान? स्टोरी में नजर आ रहा है हमको धुंधला-धुंधला सा पार्क? बस यहीं पर उठा था किसी समय पर कोई हल्का सा स्पार्क? जो अब कर रहा है पूरी ताकत से इनको मार्क?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा टॉम क्रूज चौधरी की है खास बात? वो करते हैं सबकी केयर? जब आता है संगठन का कोई काम? तो उनके अंदाज हो जाते हैं और भी डेयर? वो खुलकर करते हैं पार्टी का काम? सुना है उनकी आज कल की सक्रियता ने किया हुआ है कई दिलजलों को हैरान? वो सोच रहे हैं कि वाईस प्रेजीडेंट बनने के लिए बढ़ाई है चौधरी साहब ने स्पीड? अब ये तो वो ही जाने इस बात में कितना गलत है और कितना है ठीक?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब इस बात को बंद करो सोचना? मैं बता रहा हूं आपको आने वाले उन परिवर्तन के बारे में? जब होगी भगवा योद्धा की टीम की घोषणा? भगवा योद्धा की नई टीम घोषित होते ही आयेगा चार भगवा कमिश्नरियों पर भी फरमान? सुना है कुछ भगवा कमिश्नरों का बांधा जायेगा इंतजाम? चार मंडल वालों पर बैठाया जायेगा संयोजक वाला कमंडल? आपको पता है हम कोई बात ऐसी नहीं कहते जो निकले बाद में बंडल?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज कल ना जाने कैसा चल रहा है चुटिया वाले त्यागी जी का जीना? सुना है विधायक जी की ओर नहीं घूम रहा है उनकी मोहब्बत का ऐंटीना? उनकी इन दूरियों की चर्चाएं आजकल हो रही हैं हर जगह आम? वजह ना जाने क्या है मगर लगाने वाले लगा रहे हैं इस मामले में तरह-तरह के बाम? हमें पता है कि ऐंटीना वाले त्यागी जी संगठन के ट्रैक पर करते हैं काम? शायद इसलिए वो दे रहे हैं ये पैगाम कि अब तुम्हारे अंगने में हमारा क्या है काम?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात मैं आपको कर रहा हूं मैंशन? एक ध्वज प्रणाम वाला चेहरा ऐसा है जो एक्सटेंशन वाले एरिया से बार-बार देता रहता है पूर्व सांसद अग्रवाल जी को टेंशन? अक्सर सांसद जी के पास पहुंचते हैं सोसाइटी के इनसे जुड़े हुए वाद और विवाद? मामला ढ़िशुम-ढ़िशुम तक भी पहुंचता है साहब? एक बार की बात नहीं, अग्रवाल जी का दिल बहुत बड़ा है? वो हमेशा करते हैं इस चेहरे का बचाव?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि साईकिल से पदमुक्त किये गये जीतू भैया का है क्रान्तिकारी इतिहास? जितने आंदोलन उन्होंने किये हैं, उतना कोई नहीं ठहरता उनके आस-पास? मगर जब होती है बड़ी जिम्मेदारी किसी के पास? उस हिसाब से उसे निभाना होता है साहब? राजनीति में आकर व्यक्तिगत नहीं बल्कि समाजिक हो जाता है मामला? ऐसे में एक-एक शब्दों के निकाले जाते हैं हिसाब? हम तो यही दे रहे हैं यहां पर पंच? जब आपस में हो विवाद तब चुने नहीं जाते हैं खुले हुए मंच?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे क्रान्तिकारी त्यागी जी के पास और उन्होंने भगवा कमांडर के समर्थन में बजाई ताली? मगर जब आई संजय नगर वाली रामलीला की बात? तब उन्होंने बैक गियर डाला और बोले मुरादनगर में एन्ट्री करते ही हवा-हवाई हो जाता है हमारे अंदर का बाली? उस एरिया में आते ही हमारे सिग्नल चले जाते हैं रडार से बाहर? अगर बात नदिया पार की हो तो आपको पता है हम फेसबुक पर आकर किस कदर करते हैं वार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** उबलने के बाद बहुत ही टेस्टी हो जाता है छोला? हमने देखा एक कांड के बाद कुछ ऐसे ही मुस्कुरा रहा था हमारा साईकिल वाला भोला? उसके चेहरे के एक्सप्रेशन करा रहे थे इस बात का एहसास? जैसे बिना दवाई के ही हो गया हो किसी का ईलाज? हम वैसे नहीं कह रहे, आप देखते तो सही उनका फेस? गजब की दिख रही थी भंडारे में उनके चेहरे पर मुस्कुराहट?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये अच्छा नहीं है कि पार्टी में हो विवाद? इससे होता है आने वाले चुनावों को लेकर माहौल खराब? भले ही गिर गई हो किसी विवाद में किसी युवा चेहरे पर गाज? मगर हम ये भी चाहते हैं कि इस बात पर साईकिल वाले जिला और महानगर अध्यक्ष ना करें ज्यादा नाज? खुद की भी करें वो अंदर से समीक्षा? आखिर क्या वजह है जो चलाये जा रहे हैं उन पर विरोध के तीर? सवाल युवा नेता का नहीं, हमने सुनी है कई जगह से अनदेखी की बातें? जो हैं सच में गंभीर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप दे रहे होंगे एक बात पर ध्यान? जब से आया है कार्यकारिणी में लाईन पार के शर्मा और नदिया पार के ठाकुर का नाम? तब से उनकी क्रान्ति भी हो गई है बिल्कुल शांत? अब दोनों बिल्कुल भी नहीं उठा रहे हैं किसी भी तरह की आवाज? क्या मानें कुछ पाने के लिए इसे प्रेशर पोलिटिक्स साहब? कुछ ऐसा ही दिख रहा है हमें नदिया पार के शर्मा का हाल? आजकल वो बड़े जनप्रतिनिधि हर फोटो को टैग कर रहे हैं? उनके अंदाज देखकर लग रहा है जैसे उन्होंने हथियार दिये हैं डाल?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ
# दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ
# दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ
# दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग




























# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ
# दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ
# दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ
# दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ
# दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग

